## सार-समाचार

### नाले में डूबने से युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में बरसाती नाले में डुबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नान्ता इलाके के कांच के बालाजी के समीप बरसाती नाले में एक युवक डूब गया। सूचना पाकर पुलिस व नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची। नाले में डूबे युवक को स्थानीय लोगों ने नगर निगम की गोताखोर टीम के पहुंचने से पहले बाहर निकाल लिया। युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि कांच के बालाजी के समीप गुजर रहे नाले में युवक के डूबने की सूचना मिली, टीम लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन बरसाती नाले में डूबे युवक को लोगों ने बाहर निकाल लिया था। नान्ता थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि युवक अपने रिश्तेदार के साथ कार से नांता कांच के बालाजी घूमने आया था। मामले मे सामने आया कि मोहनालाल सुखाड़िया योजना के समीप गुजर रहे बरसाती नाले में युवक नहाने के लिये कूद गया। जिससे वह नाले में भरे पानी में डुब गया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान नान्ता निवासी दीपक जेठी (35) के रूप में हुई है। मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि मौके पर मिली कार में बीयर की बोतलें भी मिली है। मामलें की जांच की जा रही है।

### मुक्तिधाम में चारदीवारी का निर्माण

**कोटा,** (निसं)। नए शहर की एक दर्जन से अधिक आवासीय कॉलोनियों के सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं की मांग पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निर्देश से केशवपुरा मुक्तिधाम का 2.45 करोड़ रू. की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है। बसंत विहार वार्ड-63 के भाजपा पार्षद पी.डी. गुप्ता ने बताया कि नाले के पास होने से इस मुक्तिधाम की चारदीवारी को ऊंचा करने एवं नवीनीकरण कराने के लिये क्षेत्र के नागरिकों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से आग्रह किया था। उनके निर्देश पर नगर निगम कोटा दक्षिण ने इसकी चारदीवारी के लिये 15 फीट ऊंचा निर्माण करने के लिये 1.45 करोड़ रू एवं मुक्तिधाम में एक ओर नया शेड लगाने, चारों ओर पाथ वे बनाने, बैठने का शेड व टाइल्स लगाकर इसका नवीनीकरण करने के लिये एक करोड़ रू का बजट मंजूर किया है, जिससे इस मुक्तिधाम को जनहित में सुविधाजनक बनाया जा रहा है। इसके बाहर लगी लकड़ी की टाल को भीतर शेड में शिफ्ट करके मुख्य मार्ग पर नाले किनारे पार्किंग स्थल बनाया गया है। मुक्तिधाम के एक छोर पर नाला होने से आरसीसी की 15 फीट ऊंची चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे मुक्तिधाम पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

### कोटा विश्वविद्यालय में सीएसआई विभाग का अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय में सोमवार को कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना विभाग की ओर से सत्र 2025-26 के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो.भगवती प्रसाद सारस्वत ने अपना बधाई संदेश प्रेषित किया जिसमें उन्होंने कहा कि लगन लगाकर अध्ययन करने से विद्यार्थी अपने मनचाहे लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का अध्ययन तो करना ही चाहिऐं साथ में खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रियता से भाग लेना चाहिऐं जिससे सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो सकें। विभागाध्यक्ष प्रो.रीना दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम में आईएमसीए कोर्स के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कोर्स के बारे में जानकारी दी गई और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उन्होंने विभाग में संचालित टेक प्लेनेट क्लब की जानकारी प्रदान की और बताया कि इसके माध्यम से एमसीए तथा आईएमसीए कोर्स में अध्यनरत विद्यार्थी सत्रभर तकनीकी प्रस्तुतीकरण, क्विज, प्रोजेक्ट प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करते हैं।

### स्वच्छता पखवाड़े में कोटा स्टेशन के सफाई कर्मियों को मिला सम्मान

**कोटा,** (निसं)। स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। रेलवे स्टेशन पर आम यात्रियों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी और कचरे को हटाकर वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना इन कर्मियों के कठिन परिश्रम से ही संभव हो पाता है। इसी योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कोटा स्टेशन पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कोटा स्टेशन निदेशक एन.के.मीणा ने सफाई पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सफाईकर्मियों सतीश नरवाल, बबलू कुमार, महावीर, शिवा, पवन मेहरा, सत्येंद्र कुमार एवं सफाई प्रबंधक रिजवान अली को प्रशस्ति पत्र एवं पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में स्टेशन प्रबंधक विभूति कुमार, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक रवि कुमार वर्मा तथा स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) नानालाल धाकड़ उपस्थित रहे।

### बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में सिटी बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिला सवाईमाधोपुर के दौलतपुर गांव निवासी हुकुमचंद शर्मा जो कुछ दिन पूर्व बच्चों के पास गांव से कोटा आये हुए थे। हुकुमचंद कुछ सामान खरीदने के लिये पैदल बाजार गये, स्टेशन रोड़ पर सिटी बस ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से घायल बुजुर्ग को उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि मृतक दौलतपुर गांव निवासी हुकुमचंद शर्मा (73) थे। जो कुछ दिन पूर्व कोटा में बच्चों के पास आये थे, रविवार शाम को पैदल ही बाजार में कुछ सामान खरीददारी के लिये आये थे, सिटी बस द्वारा टक्कर मारने की बात सामने आई है। सोमवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### गिव अप अभियान के तहत बैठक हुई

**रावतभाटा,** (निसं)। राजस्थान में खाद्य विभाग के आदेश के बाद पूरे राजस्थान में उपखंड स्तरीय राशन डीलरो की बैठको का आयोजन किया गया। बैठक में रसद विभाग के अधिकारीयो द्वारा गिव अप अभियान के तहत आए आंकड़ों के बाद चिंता ज़ाहिर की है। गिव अप अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आपात्र लोगों के नाम पर अब रसद विभाग जल्द से हटाने की कारवाई को पूरा करेगा, वही पात्र लोगों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर उनको लाभ मिल सके व राज्य सरकार के पास इसके सही आंकड़े हो इस कार्य को पूरा करेगा। प्रवर्तन अधिकारी इरफान कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार खाद्य विभाग अपनी योजनाओं को लेकर पात्र व अपात्र लोगों के स्पष्ट आंकडे तैयार कर सके। बैठक उपखंड कार्यालय सभागार में किया गया, जिसमें रावतभाटा उपखंड के सभी राशन डीलर मौजूद रहे।

### रेस्क्यू के दौरान किशोर का शव मिला

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के कोटरापार गांव में पार्वती नदी में डूबे किशोर का शव सोमवार को रेस्क्यू के दौरान मिला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीतरखेड़ी गांव निवासी मोनू उर्फ मुरलीधर एरवाल (16) शनिवार को नहाते समय कोटरापार गांव स्थित पार्वती नदी में डूब गया। जिसको तलाश करने के लिए एसडीआरएफ टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया, सोमवार सुबह किशोर का शव सर्च ऑपरेशन के दौरान कैलाशपुरी गांव के समीप मिला।

### रामेश्वर महासभा के छबड़ा ब्लॉक अध्यक्ष बने

**छबड़ा** (निसं)। अखिल भारतीय यादव महासभा ने रामेश्वर अहीर को छबड़ा ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर रामेश्वर ने शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष गोविंद यादव, संभागीय अध्यक्ष भरत यादव, जिला अध्यक्ष अनिल यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा यह दायित्व मेरे लिए पद नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा समाज सेवा का संकल्प है। मैं संगठन की विचारधारा एवं निष्ठा से पालन करूंगा समाज सुधार के साथ समाज को आगे बढ़ाऊंगा।


### पूर्व पार्षद ने ई.ओ. को ज्ञापन दिया

**छबड़ा** (निसं)। पूर्व पार्षद मुकेश पांचाल ने कार्यवाहक ईओ को जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड चार के क्षतिग्रस्त कचरा पात्र को दुरूस्त करवाने, नालियों की साफ-सफाई, कीटनाषक छिड़काव करवाने, खाली भूखण्डो में एकत्रित गंदगी की जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई करवाने व भूखण्ड मालिको को नोटिस जारी करते हुए तार फैसिंग व बाउंड्रीवाल किए जाने के निर्देष दिए जाने की मांग की।

# जीएडी गणेश मेला शुरू, बरसात के बीच चाट पकौड़ी की दुकानों पर भीड़ रही

**कोटा,** (निसं)। जीएडी गणेश मेला समिति की ओर से श्रीनाथपुरम स्टेडियम के पास स्थित जीएडी सर्किल पर लगने वाले 12 दिवसीय गणेश मेला सोमवार से शुरु हो गया। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि मेले में 150 खरीदारी की दुकानें, 20 से अधिक झूले और 50 चाट पकौड़ी खाने-पीने के स्टॉल्स लग चुके हैं। इसके अलावा फुटकर दुकानदार भी आए हैं।

देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि बूंदी तीज मेला समाप्त होने पर वहां के दुकानदार भी संपर्क कर रहे हैं। समिति के संरक्षक नरेन्द्र बिरला ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 9 बजे भगवान गणेश ी की प्रतिमा को बैंड-बाजों के साथ धूमधाम से जीएडी सर्किल पर लाया जाएगा। इस दौरान 2100 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में चलेंगी। जो तीन बत्ती सर्किल से शुरू होकर जीएडी पहुंचेंगी। वहीं, 27 अगस्त को प्रात: 9 बजे 14 फीट की श्री गणेश प्रतिमा की भव्य आतिशबाजी, पूजा पाठ और मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत स्थापना की जाएगी। इस दौरान मेले में 28 अगस्त से 6 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जीएडी गणेशजी का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें विविध छटा नजर आएगी। गणेशजी को छप्पन भोग लगाया जाएगा। मेले में बच्चों के झूले, चौपाटी, गुब्बारे की दुनिया, ट्रेन, नाव जैसे मनोरंजन की व्यवस्था की गई है।



जीएडी गणेश मेला के पोस्टर का विमोचन पूर्व पार्षद नारायण बिरला और पार्षद देवेंद्र चौधरी के द्वारा किया गया है।

उन्होंने बताया कि 28 और 29 अगस्त को डांस कंपीटिशन होगा। वहीं 30 अगस्त को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इसके बाद 31 अगस्त को जयपुर की डांसर दिशा के द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके बाद 1 सितंबर को हाड़ौती केसरी दंगल में महिला और पुरुष पहलवान दांव-पेच आजमाएंगे। 2 सितंबर को राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 3 सितंबर को लाफ्टर शो में पन्या सेपट राजस्थानी कार्यक्रमों के द्वारा गुदगुदायेंगे। 4 सितंबर को स्टार नाईट आयोजित होगी। जिसमें सोनी टीवी सुपर डांसर चेप्टर 4 की विनर फ्लोरिना गोगोई की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं 5 सितंबर को भजन संध्या तथा 6 सितंबर को गणपति शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

**विविध स्वरूप में होंगे दर्शन:-** देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि गणेशजी की प्रतिमा का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें मराठी ड्रेस, राजाधिराज, शिव स्वरूप, खाटू श्याम जी, राजस्थानी, गुजराती, द्वारकाधीश, सांवलिया सेठ, गणेश स्वरूप और कृष्ण स्वरूप के दर्शन हो सकेंगे।

**कवि सम्मेलन में आएंगे संजय शुक्ला और बाबू बंजारा:-** देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान 30 अगस्त को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें लखनऊ के संजय शुक्ला, बारां के बाबू बंजारा, भीलवाड़ा के दीपक पारीक, मेरठ की डॉ. शुभम त्यागी, चेचट के अर्जुन अल्हड़ और बूंदी के सुमित विजय समेत कोटा के कवि भूपेंद्र राठौर काव्य पाठ करेंगे।

**सुरक्षा के किए जा रहे व्यापक बंदोबस्त:-** संरक्षक नरेंद्र बिरला ने बताया कि जीएडी सर्कल श्रीनाथपुरम, महावीर नगर और दादाबाड़ी तीन थानों का केंद्र बिंदु है। ऐसे में यहां पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। तीनों ही थाना पुलिस को जाप्ता भेजने के लिए निवेदन किया गया है। साथ ही, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

### मालव पटवार संघ के अध्यक्ष बने

**छबड़ा** (निसं)। पटवार संघ उपषाखा छबड़ा की बैठक कानूनगो बृजमोहन मालव की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारणी का विस्तार कर दिया है।

यहां सर्व सहमति से सतीष कुमार मालव को अध्यक्ष, भूरीबाई नागर को उपाध्यक्ष, जयनारायण लोधा को मंत्री, कृष्ण सिंह को संयुक्त मंत्री, सुनील मीणा को संगठन मंत्री एवं ओमप्रकाश मालव, आशुतोष भारद्वाज को कोशाध्यक्ष बनाया गया हैं। बैठक में कई पटवारी मौजूद थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 36/2025

निविदा सं. 20255022, जिसके खुलने की तिथि 26/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहथ प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं।—Tender No. & Short Description : 20255022 Description:- IP बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम फॉर रोलिंग स्टॉक., From : 26/8/2025, To : 09/09/2025, अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें

(हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक

पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री गरविता जैन (GARVITA JAIN) के स्कूल लाल बहादूर शास्त्री सी. सै. के आवेदन फॉर्म में मेरा नाम गलती से संदीप जैन दर्ज हो गया जबकि सही नाम संदीप कुमार जैन हैं। भविष्य में स्कूल रिकॉर्ड में यही लिखा जाएं। संदीप कुमार जैन बाजार 1, वार्ड 3, रामगंजमण्डी, जिला-कोटा(राज.)

**खोया पाया**

यतीश आचार्य निवासी 2 एम 2 रंगबाड़ी योजना की पैतृक मकान नं. 27/379 वार्ड रेतवाली की माताजी स्व. कौशल्या देवी लिखित वसीयत रास्ते में कहीं गुम हो गई है। किसी को मिले तो इस नंबर पर सूचित करें 9717715267

**खोया पाया**

श्रीमती रचना निवासी 2 एम 2 रंगबाड़ी योजना की पैतृक प्लॉट नं 23, खसरा नं 54, न्यू जवाहर नगर बालाकुंड के मूल दस्तावेज माताजी स्व. सुधारानी के नाम थे रास्ते में कहीं गुम हो गए है। किसी को मिले तो इस नंबर पर सूचित करें 9717715267


### सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति ने नंदोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति के अंतर्गत संचालित सारस्वत ब्राह्मण महिला विकास समिति की ओर से नंदोत्सव उत्साह से मनाया। अध्यक्ष मलिका शर्मा ने बताया कि समाज के कैथूनीपोल मोखापाड़ा स्थित भगवान चतुर्भुज नाथ मंदिर पर समाज की महिलाएं एकत्रित हुई और यहां नंदोत्सव के भजन गाए। इस दौरान आकर्षक झांकी सजाई गई। महिलाओं ने गीतों पर उत्साह के साथ नृत्य किया। बच्चों को कान्हा की वेशभूषा में लाया गया तथा कृष्ण लीलाओं पर आकर्षक नृत्य किया। इस दौरान राधा-कृष्ण बनकर आई महिलाओं ने भी प्रस्तुतियां दी। समाज में महिलाओं को आगे लाने के लिए महिला विकास समिति के सदस्यों द्वारा लगातार हर अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# मेला दशहरा की समस्याओं पर केईडीएल और जेवीवीएनएल के अधिकारियों के साथ हुआ मंथन

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष एवं मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि मेला व्यापारियों द्वारा विगत लम्बे समय से मेला दशहरा में चली आ रही विद्युत आपूर्ति में समस्या के निराकरण हेतु राष्ट्रीय मेला दशहरा-2025 के अन्तर्गत जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. के अधिकारियों, केईडीएल कम्पनी के अधिकारियों, नगर निगम विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं मेला दशहरा व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों के बीच विस्तृत रूप से चर्चा हुई जिसमें सभी अधिकारियों ने मेला दशहरा व्यापारियों को इस वर्ष विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं आने के लिए आश्वस्थ किया। बैठक में सभी अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति में व्यवधान नहीं आए इस हेतु आदेशित किया गया।



कोटा मेला दशहरा की समस्याओं हेतु केईडीएल एवं जेवीवीएनएल के अधिकारियों के साथ मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बैठक की।

मेला दशहरा व्यापार महासंघ के सभी पदाधिकारी ने मेला दशहरा समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी का आभार व्यक्त किया। बैठक में जेवीवीएनएल विभाग के अधीक्षण अभियंता शिव चरण जांगिड, केईडीएल विभाग के महाप्रबंधक राजेश पाटौदी, सहायक अभियंता संतलाल प्रजापति, नगर निगम कोटा दक्षिण अधिशासी अभियंता सचिन यादव, मेला व्यापार संघ के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, महामंत्री अर्पित ऐरन, संरक्षक सुनिल वैष्णव, प्रमोद लौधा इत्यादि उपस्थित रहे।

# निमोदा में 500 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री के किट बांटे

**कोटा,** (निसं)। दीगोद और निमोदा क्षेत्र में भारी बारिश के बाद पानी उतर गया है। घरों में पड़ा अनाज भीगने और जनजीवन पटरी पर आने में समय लगेगा। इन्हीं सभी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाएं आगे आ रही हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दीगोद इंद्रकुमार खंडेलवाल ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की

- **लोकसभा अध्यक्ष बिरला की प्रेरणा और ऊर्जा मंत्री नागर के प्रयासों से चल रहे राहत कार्य**

प्रेरणा से और ऊर्जा मंत्री सांगोद विधायक हीरालाल नागर के प्रयासों से निमोदा राहत पैकेज की पहली कडी में बाढ से प्रभावित 500 परिवारों को राशन सामग्री किट बांटे गए हैं। समय-समय पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर प्रशासन से फीडबैक लेकर मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर जब निमोदा पहुंचे थे तो उन्होंने सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानते भी कहा था कि जितना भी होगा प्रयास किया जाएगा और व्यवस्थाओं को पटरी पर लाया जाएगा। इसी को ध्यान रखकर राहत सामग्री के किट बांटे गए हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजनीता मेघवाल, मोनू सनाढ्य, मुरली, जगमोहन नागर, सीताराम, बृजराज, सुनील, जगदीश, सतनाम, हरि केवट, हरिमोहन, अमन, अंकित गुर्जर, देवलाल गुर्जर, सुरेश मीणा, कमल लोधा, सुनील, देवीशंकर, गिरीश, रघुवीर सिंह सहित कई लोग और भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री नागर के प्रयासों से चल रहे राहत कार्य में राहत सामग्री के किट बांटे जा रहे हैं।

### नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत मेडिकल कॉलेज कोटा ने प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक कार्यालय एमबीएस हॉस्पिटल में नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार मीणा ने बताया कि भारतवर्ष में 40 वा नेत्रदान पखवाड़ा बनाया जा रहा है इस अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज कोटा ने आमजन में नेत्रदान की जागरूकता के लिए नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। डॉ. अशोक मीणा ने कहा कि विभाग में 24 घंटे नेत्रदान की सुविधा उपलब्ध है नेत्रदान के लिए नेत्र विभाग से किसी भी समय संपर्क कर सकते है। डॉ. अशोक मीणा ने कहा कि विभाग द्वारा नेत्रदान की जागरूकता के लिए 25 अगस्त से 8 सितंबर तक रंगोली, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रखे जाएंगे। मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक नियंत्रक डॉ.संगीता सक्सेना ने बताया कि नेत्र विभाग द्वारा लगभग 200 कार्निया का संग्रहण कर लिया गया है।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में कोटा जिले से 1,583 श्रद्धालु चयनित

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनकी आस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़े रखने के लिए सतत् प्रयासरत है। इसी क्रम में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अंतर्गत कोटा जिले की लॉटरी प्रक्रिया सोमवार को जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

**जिले से प्राप्त आवेदन व चयन:-** कोटा जिले से इस योजना के अंतर्गत कुल 10,375 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लॉटरी द्वारा 1,583 वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया। इनमें से 1,413 वरिष्ठजन रेल यात्रा तथा 170 वरिष्ठजन हवाई यात्रा के लिए चयनित हुए हैं। लॉटरी समिति की उपस्थिति-लॉटरी समिति में जिला कलक्टर पीयूष समारिया के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र नगर, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विकास पंड्या, एडिशनल एसपी नीयति शर्मा, एडिशनल एसपी रामकल्याण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के.के. खंडेलवाल, निरीक्षक बृजेश कुमार एवं डीओआईटी से एसीपी आरती भी उपस्थित रही।



कोटा में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की लॉटरी निकाली गई है।

यात्रा गंतव्य-रेल द्वारा यात्राओं में हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारिकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरुपति, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम, वैष्णोदेवी, महाकालेश्वर उज्जैन-औंकारेश्वर सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मिलित हैं। वहीं हवाई यात्रा के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे।

**जिला कलेक्टर ने दी चयनित वरिष्ठजनों को शुभकामनाएं:-** जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों की आस्था और सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ जनों को न केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिलेगा बल्कि यह यात्रा उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और मानसिक शांति भी प्रदान करेगी। उन्होंने सभी चयनित आवेदकों को शुभकामनाएं दी।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/1419 दिनांक:- 25.8.2025

**नाम हस्तातंरण बाबत् आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-71. स्टोन मण्डी योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-710 दिनांक 19.05.1986 द्वारा मैसर्स पवन स्टोन सप्लायर प्रो. लाल चन्द पुत्र श्री कन्हैया लाल को आंवटित किया गया था। मैसर्स पवन स्टोन सप्लायर प्रो. लाल चन्द के द्वारा श्री तवर सिहं पुत्र श्री भवंर सिहं को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियूक्त किया गया है। श्री तवर सिहं पुत्र श्री भवंर सिहं के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 12.07.2010 को श्री कश्मीर सिहं पुत्र श्री जागीर सिहं को उक्त भूखण्ड का बैचान कर दिया है। श्री कश्मीर सिहं पुत्र श्री जागीर सिहं के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या 71. स्टोन मण्डी योजना का नाम हस्तांतरण श्री कश्मीर सिहं पुत्र श्री जागीर सिहं नाम के कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/459 दिनांक:- 21.8.25

**नाम हस्तातंरण बाबत् आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकारा प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या 127 रंग विहार योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 369 दिनाक 28.08.1989 द्वारा श्री प्रेग चन्द जाटव पुत्र श्री रामनारायण को आवंटित किया गया था। श्री प्रेम चन्द जाटव पुत्र श्री रामनारायण के द्वारा श्री रामनिवास पुत्र श्री प्रभूलाल को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। श्री रामनिवास पुत्र श्री प्रभूलाल के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 31.01.2018 को श्री राकेश पुत्र श्री रामनिवास को उक्त भूखण्ड का बैचान कर दिया है। श्री राकेश पुत्र श्री रामनिवास के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज कराने अन्यथा मिशाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या 127 रंग विहार योजना का नाम हस्तांतरण श्री राकेश पुत्र श्री रामनिवास नाम के कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11विक्रय/2025/848 दिनांक:- 25.8.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 234 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 168 दिनांक 21.09.2015 को श्री पंकज कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप के नाम आवंटन किया गया था। श्री पंकज कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री दीपक जैन पुत्र श्री मोहन लाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.07.2019 को श्रीमती श्वेता चित्तौड़ा पत्नी श्री गिरजेश चित्तौड़ा एवं श्री गिरजेश चित्तौड़ा पुत्र श्री सुगन चंद चित्तौड़ा को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती श्वेता चित्तौड़ा पत्नी श्री गिरजेश चित्तौड़ा एवं श्री गिरजेश चित्तौड़ा पुत्र श्री सुगन चंद चित्तौड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड़ का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 234 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती श्वेता चित्तौड़ा पत्नी श्री गिरजेश चित्तौड़ा एवं श्री गिरजेश चित्तौड़ा पुत्र श्री सुगन चंद चित्तौड़ा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/3049 दिनांक:- 21.08.2025

**रजिस्ट्री चाहने बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या D-202 देवनारायण नगर आवासीय योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 894 दिनांक 31.05.2023 द्वारा श्रीमती नीमा वैष्णव पत्नि श्री बनवारी लाल वैष्णव को आंवटित किया गया था। श्रीमती नीमा वैष्णव के द्वारा श्री अरविन्द कुमार मालव पुत्र श्री कृष्ण मालव को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियूक्त किया गया है। श्री अरविन्द कुमार मालव पुत्र श्री कृष्ण मालव के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री चाही गई है। श्री अरविन्द कुमार मालव पुत्र श्री कृष्ण मालव के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस विक्रय स्वीकृती की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या D-202 देवनारायण नगर आवासीय योजना कि रजिस्ट्री श्री अरविन्द कुमार मालव पुत्र श्री कृष्ण मालव नाम से जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-731 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना** दिनांक:- 25.8.25

नगर विकास न्यास कोटा की विवेकानन्द नगर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 652 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 19.09.2014 को श्रीमती उर्षा शर्मा पत्नी श्री राधाकृष्ण शर्मा को किया गया था। आवंटी श्रीमती उर्षा शर्मा की मृत्यु दिनांक 14.11.2024 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान शपथ पत्र, द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजराने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 652 योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री राधाकृष्ण शर्मा पुत्र श्री हरीश चन्द्र के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा